शीर्ष प्राथमिकता
संख्या–2579/आठ–6–2023

प्रेषक,

नितिन रमेश गोकर्ण,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **आयुक्त,** आवास एवं विकास परिषद, उ0प्र0 लखनऊ। | 2. | **निदेशक,** नगर भूमि सीमारोपण, उ0प्र0 लखनऊ। | 3. | **उपाध्यक्ष/अध्यक्ष,** समस्त विकास/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0। |
| 4. | **नियत प्राधिकारी/ जिलाधिकारी,** समस्त विनियमित क्षेत्र, उ0प्र0। | 5. | **सचिव,** रेरा, उ0प्र0। | 6. | **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम,** गतिशक्ति भवन, आईएनए, नई दिल्ली। |
| 7. | **प्रबन्ध निदेशक,** उ0प्र0 मेट्रो रेल कारपोरेशन, लखनऊ। | 8. | **मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,** उ0प्र0 लखनऊ। | 9. | **निदेशक,** आवास बन्धु। |
| 10. | **सदस्य सचिव** स्मारकों, संग्रहालयों, सस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति, लखनऊ। | | | | |

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–6 लखनऊःदिनांक 05 दिसम्बर, 2023

विषयः बाबा साहब डा0 भीम राव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 03.12.2023(मय संलग्नक छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने के संबंध में 06 दिसम्बर,2023 को भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का 67वां परिनिर्वाण दिवस है। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतो एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरूद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। अमृतकाल के इस दौर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल कर विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर हो इसके लिए हमें बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतो एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

3– इस संबंध में दिनांक 06 दिसम्बर,2023 को बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हे श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रम सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है :–

1. <u>पुष्पाजंलि सभाः</u> इस दिवस पर सभी सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब को स्मरण करते हुए उनको श्रद्धांजलि दिये जाने हेतु पुष्पाजंलि सभा का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये जाये।

2. <u>कार्यालयों में बाबा साहेब का चित्र लगाया जानाः</u> समस्त सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का चित्र लगाये जाने के निर्देश पूर्व से ही लागू हैं। इन निर्देशों का अनुपालन पुनः सुनिश्चित करा लिया जाए।

3. <u>भाषण / व्याख्यान कार्यक्रमः</u> समस्त शिक्षण संस्थाओं में युवाओं के लिए भाषण / व्याख्यान कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँ, जिससे बाबा साहेब के विचार एवं दर्शन से अधिक से अधिक लोग लाभन्वित हो सकें।

2— इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त पत्र दिनांक 03.12.2023 द्वारा की गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक— यथोक्त।</u>

भवदीय,

(नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव

Digitally Signed by नितिन रमेश गोकर्ण
Date: 04-12-2023 20:48:44
Reason: Approved

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग।
3. निजी सचिव, सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।
4. निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।
5. उप सचिव / समस्त अनु सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।
6. समस्त अनुभाग अधिकारी, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव

संख्या-1599/26-4-2023

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

समाज कल्याण अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक: 03 दिसम्बर,2023

विषय: बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

जैसा कि हम सभी अवगत ही हैं कि 06 दिसम्बर,2023 को भारतरत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का 67वाँ परिनिर्वाण दिवस है। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध लड़ाई, सामाजिक न्याय की प्रतिस्थापना, सशक्तीकरण के साधनों के रूप में शिक्षा पर विशेष जोर एवं समावेशी व समतावादी समाज की स्थापना के सन्दर्भ में उनका दर्शन आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। अमृतकाल के इस दौर में भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता हासिल कर विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर हो इसके लिए हमें बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

डी0पी0 97
04-12-2023

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 06 दिसम्बर, 2023 को बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करें:-

1. **पुष्पांजलि सभा**: इस दिवस पर सभी सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब को स्मरण करते हुए उनको श्रद्धांजलि दिये जाने हेतु पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये जाये।
2. **कार्यालयों में बाबा साहब का चित्र लगाया जाना**: समस्त सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का चित्र लगाये जाने के निर्देश पूर्व से ही लागू हैं। इन निर्देशों का अनुपालन पुन: सुनिश्चित करा लिया जाए।
3. **भाषण/व्याख्यान कार्यक्रम**: समस्त शिक्षण संस्थाओं में युवाओं के लिए भाषण/व्याख्यान कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँ, जिससे बाबा साहब के विचार एवं दर्शन से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

भवदीय,

(दुर्गा शंकर मिश्रा)
मुख्य सचिव।

संख्या-1599(1)/26-4-2023 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त निजी सचिव, मा0 उप मुख्य मंत्री, मा0 मंत्री, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मा0 राज्य मंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 हरिओम)
प्रमुख सचिव।